आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में मार्ग बाधित। प्रशासन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही सुचारु करने में जुटा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के दृष्टिगत सभी लोगों से सतर्क रहने की अपील की। जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को कहा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- देहरादून जिला प्रशासन द्वारा भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 265 से अधिक बच्चों को रेस्क्यू कर पुनर्वासित किया।

मौसम

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन से मार्ग बाधित हो रहे हैं। संबंधित प्रशासन मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु करने में जुटा है। रूद्रप्रयाग जिले में जगह–जगह सड़कों पर मलबा आने की घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते केदारनाथ यात्रा मार्ग भी प्रभावित हुआ है। कल रात हुई तेज बारिश के कारण सोनप्रयाग क्षेत्र में हनुमान मंदिर, शटल पुल और मुनकटिया के पास बार–बार मलबा और पत्थर गिरने से कई बार मार्ग बाधित हो रहा है। प्रशासन तत्परता से मार्गों को खोलने में जुटा है। प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें तैनात भी की गई हैं। वहीं, ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरोबगड़ के पास भी पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण दो स्थानों पर यातायात बाधित हुआ है। लोक निर्माण विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं और मार्ग को शीघ्र खोलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं।
चमोली जिले में बारिश के कारण जन–जीवन प्रभावित है। प्रशासन की ओर से बाधित मार्गों को खोलने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी का कहना है कि सभी जगहों पर सडकों को खुलवाने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है।

उधर, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला, बिशनपुर, लालडांग, हेल्कूगाड आदि स्थानों पर बाधित है। जबकि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पालीगाड़ के पास मालबा और पत्थर आने के कारण बाधित है। राष्ट्रीय राजमार्ग और बीआरओ की मशीनरी मार्ग को सुचारु करने मे जुटी हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। जिला प्रशासन लोगों को नदी से दूर रहने के लिए सतर्क कर रहा है।
इस बीच, मौसम विभाग ने आज बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि, राज्य के अन्य जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र से अति तीव्र बारिश के दौर की संभावना भी जताई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के दृष्टिगत सभी लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को भी बारिश और अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है।

पौधारोपण पौड़ी

हरेला पर्व और मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पौड़ी जिले के डोभ श्रीकोट गांव और मल्ली गांव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बेडू के पौधों का रोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों और कर्मचारियों को रोपे गये पौधों के संरक्षण की शपथ भी दिलायी। रोपे गये पौधों की सुरक्षा के लिये बायो फेंसिंग भी की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हरेला पर्व न सिर्फ सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है, लेकिन उतना ही आवश्यक है उनकी देखभाल और संरक्षण। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने–अपने गांवों के आस–पास विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण पौध की आवश्यकता पड़ने पर वन और उद्यान विभाग से पौधे ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस दौरान मतदाता जागरुकता को लेकर भी लोगों को प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पर्यावरण के साथ ही लोकतंत्र की जड़ों को भी मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

## भिक्षावृत्ति अभियान

देहरादून जिला प्रशासन द्वारा भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 265 से अधिक बच्चों को रेस्क्यू कर पुनर्वासित किया जा चुका है। जिला प्रशासन की टीम ने पिछले दो दिनों में पेट्रोलिंग के दौरान शहर के पटेल नगर, राजा रोड, आईएसबीटी, तहसील चौक और डोईवाला से भिक्षावृत्ति में लिप्त छह बच्चों को रेस्क्यू किया। इनमें पांच बालक और एक बालिका शामिल हैं। प्रशासन की टीम अब तक 265 से अधिक बच्चों को भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने और बाल मजदूरी से रेस्क्यू कर चुकी है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी पर रोक लगाने के लिए निरंतर सख्त निर्णय लिए है। जिसके तहत प्रमुख चौक चौराहों पर होमगार्ड की तैनाती और डेडिकेटेड वाहन के साथ सक्रिय सचल टीमें शहर में निरंतर पेट्रोलिंग कर रही है। चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति और प्रोबेशन टीम की ओर से भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू किया जा रहा है। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाता है और फिर उन्हें आश्रय और शिक्षा प्रदान कर पुनर्वासित किया जाता है। जिला प्रशासन बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के लिए ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहा है। भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए आधुनिक इंटेंसिव केयर सेन्टर में मांइड रिफार्म के लिए रखा जाता है। जहां विशेषज्ञ उनको संगीत, खेल, अन्य गतिविधियों और कंप्यूटर के ज्ञान की आधुनिक तकनीक की जानकारी के साथ ही शिक्षा प्रदान की जाती है।

## ईपीएफओ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ,क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से नैनीताल जिले के सूखाताल में निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मासिक कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय भविष्य निधि के आयुक्त सिद्धार्थ सिंह ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऑनलाइन दावे, ऑटो क्लेम निस्तारण और सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन देने की ''प्रयास'' नामक पहल और सोशल ईपीएफओ जैसी भविष्य निधि से संबंधित जानकारियां और सुझावों का आदान–प्रदान करने के अलावा शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने जनसाधारण की सुविधा के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी का नया व्हाट्सएप्प हेल्पलाइन नंबर 9997950686 भी जारी किया।

खंडन

सरकार ने इन दावों का खंडन किया है कि सरकार खेतीबाड़ी के लिए प्रयुक्त जल पर कर लगाने की योजना बना रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कर लगाए जाने से जुड़ी ऐसी तमाम अफवाहें निराधार और असत्य हैं। मंत्रालय के अनुसार, किसानों पर जल उपयोग के लिए शुल्क लगाने का न तो कोई प्रावधान है और न ही सरकार की ओर से ऐसा कोई निर्देश है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कृषि और जल–– दोनों ही राज्य के विषय हैं और इन पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाया जाना राज्य के अधिकार–क्षेत्र में आता है।